वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 15 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 144, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार



# सेक्रेड हार्ट्स और एसआर इंटरनेशनल की जीत

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **मानस स्थली के सबसे अधिक 17 रन अतिरिक्त के रहे**

**अमृत विचार:** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 के छठवें दिन सोमवार को सेक्रेड हार्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल और एसआर इंटरनेशनल ने जीत हासिल की।

टूर्नामेंट के 10वें मैच में सेक्रेड हार्ट्स के कप्तान अभिनव ने टॉस जीत कर मानस स्थली को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। मानस स्थली की पूरी टीम 14.5 ओवर में 43 रन बना पाई। सबसे ज्यादा 17 रन अतिरिक्त के रूप में बने और कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच सका। सेक्रेड हार्ट्स ने आसानी से 7.2 ओवर में तीन विकेट पर 47 रन बना कर जीत हासिल की। सेक्रेड हार्ट्स के गेंदबाज आरुष गुप्ता ने 3.5 ओवर में 5 रन देकर चार विकेट हासिल किए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

11वें मैच में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुभ गंगवार के 79 रनों की मदद से टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 145 रन बनाए। डीपीएस की टीम ने 10 ओवर में चार विकेट पर 80 रन बना लिए लेकिन उसके 15 ओवर में पूरी टीम 104 रन पर ही आलआउट हो गई और एसआर इंटरनेशनल ने 41 रन से मैच जीत लिया। एसआर के शुभ गंगवार को 79 रन बनाने के साथ तीन विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया।